'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Programme 6th Semester Examination, 2022

DSE1/2-P2-HINDI

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 60

The figures in the margin indicate full marks.

पत्र संख्या **DSE-6A** 'हिंदी रेखाचित्र' तथा पत्र संख्या **DSE-6B** 'हिन्दी संस्मरण साहित्य' में से किसी एक पत्र का उत्तर लिखिए।

DSE-6A

हिन्दी रेखाचित्र

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 3×4 = 12

(क) शिवपूजन सहाय की जन्म-तिथि एवं मृत्यु-तिथि लिखिए।

(ख) शिवपूजन सहाय द्वारा मुंशी प्रेमचन्द एवं सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' पर लिखी गई रचनाओं के नाम लिखिए।

(ग) महादेवी वर्मा कृत किन्हीं दो रेखाचित्रों के नाम एवं प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(घ) 'रेखाचित्र' से क्या तात्पर्य है ?

(ङ) 'रेखाचित्र' एवं 'संस्मरण' में अंतर लिखिए।

(च) रेखाचित्र के किन्हीं तीन गुणों पर प्रकाश डालिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 6×4 = 24

(क) शिवपूजन सहाय की भाषा पर टिप्पणी लिखिए।

(ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी के रेखाचित्र के शिल्प-पक्ष पर विचार कीजिए।

(ग) लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था ?

(घ) 'गिल्लू' रेखाचित्र को ध्यान में रखते हुए महादेवी वर्मा के रेखाचित्र की भाषा पर विचार कीजिए।

(ङ) ''यह काकभुशुंडि भी विचित्र पक्षी है– एक साथ समादरित, अनादरित, अति सम्मानित अति अवमानित।'' इस कथन की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।

(च) ''जगत् की यही परम्परागत रीति जान पड़ती है।'' इस कथन की सोदाहरण व्याख्या कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 12×2 = 24

(क) 'महाकवि जयशंकर प्रसाद' रेखाचित्र के आधार पर जयशंकर प्रसाद के व्यक्तित्व की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'एक कुत्ता और एक मैना' रेखाचित्र के भाव-सौन्दर्य पर विचार कीजिए।

(ग) 'गिल्लू' रेखाचित्र की समीक्षा कीजिए।

(घ) रेखाचित्रकार के रूप में हजारी प्रसाद द्विवेदी का मूल्यांकन कीजिए।

DSE-6B

हिन्दी संस्मरण साहित्य

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 3×4 = 12

(क) 'संस्मरण' से क्या तात्पर्य है ?

(ख) अज्ञेय किसे 'स्मरण का स्मृतिकार' कहकर संबोधित करते हैं और क्यों ?

(ग) संस्मरण विधा की दो विशेषताएं लिखिए।

(घ) माखनलाल चतुर्वेदी का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(ङ) हिन्दी का पहला संस्मरण कौन-सा है ? इसका प्रकाशन वर्ष बताइए।

(च) 'तुम्हारी स्मृति' संस्मरण के पात्र का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 6×4 = 24

(क) संस्मरण लेखन का उद्देश्य बताइए।

(ख) डॉ. नगेन्द्र द्वारा रचित संस्मरणों के भाषिक वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'स्मरण का स्मृतिकार' संस्मरण की विशेषताएं लिखिए।

(घ) 'तुम्हारी स्मृति' संस्मरण की शिल्पगत विशेषताएं लिखिए।

(ङ) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(च) हिन्दी संस्मरण साहित्य में अज्ञेय के योगदान पर प्रकाश डालिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 12×2 = 24

(क) 'संस्मरण' के तत्त्वों पर विचार कीजिए।

(ख) अज्ञेय द्वारा रचित संस्मरण 'स्मरण का स्मृतिकार' की समीक्षा कीजिए।

(ग) संस्मरण विद्या के महत्त्व की रेखांकित करते हुए 'तुम्हारी स्मृति' संस्मरण पर विचार कीजिए।

(घ) दादा स्व. पं. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' संस्मरण के आधार पर बालकृष्ण शर्मा जी के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए।

——×——